समाचार

13 मार्च को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 12 मार्च 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट रविवार 13 मार्च को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 मार्च रविवार को वार्ड क्र. 07 गोकुलगंज कुष्ठ आश्रम के पास, वार्ड क्र. 16 जोगियाडेरा मांझी मोहल्ला सामुदायिक मंच आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 21 कांशीनगर आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 32 रिसदी सतनाम नगर, वार्ड क्र. 42 बेलगरी नाला सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 53 प्रगतिनगर कांशीपारा सतनाम प्रांगण, वार्ड क्र. 60 बरपाली आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 64 कटईनार बस स्टैण्ड के पास कैम्प लगाए जाएंगे।